# राष्ट्रीय सेवा योजना की वार्षिक रिपोर्ट (2024-25)

## महात्मा गांधी जयंती - 02-10-2024

पत्रिका




बौंली. कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय स्टाफ।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सवाईमाधोपुर**. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं ने अहिंसा दिवस के रूप में स्वच्छता अभियान चलाकर जिला कलक्ट्रेट के सामने से लेकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सर्किल तक झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष गिर्राज सिंह गुर्जर ने माल्यार्पण कर उनके विचारों पर चलने को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि गांधी ने अहिंसा के रास्ते पर चलकर विश्व समुदाय को हिंसा को छोड़ने का संदेश दिया। इस दौरान विचार व्यक्त करने वालों में जिलाध्यक्ष गिर्राज सिंह गुर्जर, संगठन महामंत्री हरिमोहन शर्मा, वीपी सिंह, हरीश महेश्वरी, सतीश श्रीवास्तव, संजय गौतम, सोनिका शर्मा आदि मौजूद थे।

**बौंली**. उपखंड मुख्यालय के राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुलाब चंद्र मीणा ने गांधीजी के जीवन पर विस्तृत जानकारी देते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी धारा सिंह मीना ने गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की सहायक आचार्य केशन्ता मीना, सहायक लेखा अधिकारी हेमराज मीना, प्रयोगशाला सहायक विजय कुमार मीना, विजेंद्र मीना व अन्य सभी संकाय सदस्यों ने प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर गांधी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम संचालन धारा सिंह मीना सहायक आचार्य ने किया।

**मित्रपुरा**. तहसील क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मित्रपुरा, मोरन व कुटका में महात्मा गांधी जयंती व शास्त्री जयंती पर निपुण मेला आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के पीईईओ हंसराज मीना ने की। मेले में कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों ने चार्ट, मिट्टी के खिलौने बनाकर उनकी प्रदर्शनी लगाई। स्कूल में चम्मच दौड़, कहानी लेखन, निबंध लेखन, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पीईईओ हंसराज मीना व वासिब अहमद ने गांधीजी की जीवनी और उनके आदर्शों पर चलने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में पीईईओ क्षेत्र के स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मौजूद रहे प्रधानाध्यापक दयाराम गुर्जर, हंसराज मीना, विष्णु स्वामी, गौरी शंकर, विद्यालय शिक्षक मदन मोहन लश्कार, प्रभारी रिंकी महावर व पीईईओ क्षेत्र के टीचर, छात्र-छात्राएं और अन्य लोग शामिल रहे।

03/10/2024 | Sawaimadhopur | Page : 20
Source : https://epaper.patrika.com/


राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "


राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "

# वाल्मीकि जयंती

# 17-10-2024

पत्रिका

## महाविद्यालय में मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती



**बौंली.** कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय स्टाफ।

**बौंली @ पत्रिका.** उपखंड मुख्यालय के राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुलाबचंद मीणा ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन एवं सामाजिक-साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी कालजयी रचना रामायण की शिक्षाएं प्रत्येक व्यक्ति के लिए आदर्श हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से भगवान राम के आदर्शों पर चलने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनके जीवन पर एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. चंद्र कंवर पालावत ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे उनके जीवन से प्रेरणा लें कि कैसे विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयं के जीवन को बदलकर समाज को अपने समृद्ध विचारों से बदला जा सकता है। विद्यार्थियों ने भी रुचि से इस कार्यक्रम में सहभागिता की और महर्षि वाल्मीकि पर कविता पाठ भी किया। इस अवसर पर संकाय सदस्य प्रो. धारा सिंह मीना, केशन्ता मीना, दिलीप सिंह, अलका चौधरी, बशीर, विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

18/10/2024 | Sawaimadhopur | Page : 15
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर सवाई माधोपुर 18-10-2024

# बौंली कॉलेज में बाल्मीकि जयंती मनाई, उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आग्रह किया

भास्कर न्यूज़ | बौंली

राजकीय महाविद्यालय बौंली में गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुलाबचंद मीणा ने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन एवं सामाजिक-साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी कालजई रचना रामायण की शिक्षाएं प्रत्येक व्यक्ति के लिए आदर्श हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से भगवान राम के आदर्शों पर चलने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनके जीवन पर एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. चंद्र कंवर पालावत ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे उनके जीवन से प्रेरणा लें कि कैसी विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयं के जीवन को बदलकर समाज को अपने समृद्ध विचारों से बदला जा सकता है। विद्यार्थियों ने भी रुचि से इस कार्यक्रम में सहभागिता ली और महर्षि वाल्मीकि पर कविता पाठ भी किया। इस अवसर पर संकाय सदस्य प्रो. धारा सिंह मीना, केशंता मीना, दिलीप सिंह, अल्का चौधरी, बशीर, विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम

## 24.10.2024

दैनिक भास्कर सवाई माधोपुर 25-10-2024

जयपुर, शुक्रवार, 25 अक्टूबर, 2024 | 17

### स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



बौली| राजकीय महाविद्यालय बौली में गुरुवार को स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के सहायक आचार्य धारासिंह के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रतिनिधि डॉ. गिरीश के द्वारा आयोजित किया। इसमें महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों और सभी संकाय सदस्यों ने भाग लिया। इस जागरूकता कार्यक्रम में सेबी के प्रतिनिधि ने शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों के अधिकारों के बारे में विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को विस्तार से अवगत करवाया। डॉ. गिरीश ने निवेश करने के विभिन्न पहलुओं पर व विद्यार्थियों को अपनी जेब खर्च से रोज पैसे की बचत कर निवेश करने हेतु बचत करने की आदत डालने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने एसआईपी व म्युच्युल फंड में निवेश करने व आजकल हो रहे साइबर क्राइम से बचने हेतु सावधानी बरतने की हिदायत दी। साथ ही बताया कि जानकारी के अभाव में शेयर बाजार में निवेश से वर्तमान में बहुत सारे निवेशक नुकसान उठा रहे है। उन्होंने विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इस अवसर पर धारा सिंह मीना, केशंता मीना, वरिष्ठ सहायक बालकृष्ण वशीष्ठ, भूगोल प्रयोगशाला सहायक विजय कुमार मीना, विद्यासंबल गेस्ट फैकल्टी में कार्यरत विजेंद्र मीना, भानूराज मीना, चरतलाल मीना, अल्का चौधरी, नितेश गुप्ता, लुकमान अली उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में स्मार्ट जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**न्यूज सर्विस/नवज्योति, बौंली।** राजकीय महाविद्यालय बौंली मे गुरुवार को धारा सिंह मीना सहायक आचार्य एबीएसटी के दिशा निर्देशन मे राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड ( सेबी ) के प्रतिनिधि डॉ.गिरीश द्वारा निवेशकों को रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी देते हुए कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विधार्थियो सहित सभी संकाय के सदस्यों ने भाग लिया। स्मार्ट जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सेबी के प्रतिनिधि ने शेयर बाजार मे निवेश करने वाले निवेशको के अधिकारों के बारे मे विधार्थियो और संकाय सदस्यों को विस्तार से अवगत करवाया। डॉ. गिरीश ने निवेश करने के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए विधार्थियो को अपनी जेब खर्च से रोज पैसे की बचत कर निवेश करने हेतु बचत करने की आदत डालने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने एसएलपी व म्युच्यूअल फण्ड मे निवेश करने व आजकल हो रहे साइबर क्राइम से बचने हेतु सावधानी बरतने की हिदायत देते हुए बताया कि जानकारी के अभाव मे शेयर बाजार मे निवेश से वर्तमान मे बहुत सारे निवेशक नुकसान उठा रहे है ।उन्होंने विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इस अवसर पर धारा सिंह मीना (कार्यक्रम अधिकारी), केशन्ता मीना (सहायक आचार्य) , वरिष्ठ सहायक बालकृष्ण वशीष्ठ, भूगोल प्रयोगशाला सहायक विजय कुमार मीना, विद्यासंबल गेस्ट फैकल्टी मे कार्यरत विजेंद्र मीना, भानूराज मीना, चरतलाल मीना, अल्का चौधरी, नितेश गुप्ता, लुकमान अली आदि उपस्थित रहे।

पत्रिका

# छोटी-छोटी बचत कर निवेश करने की आदत डालें विद्यार्थी : गिरीश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बौंली.** उपखंड मुख्यालय के राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को सहायक आचार्य धारासिंह मीना के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रतिनिधि डॉ. गिरीश की ओर से स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



बौंली. कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं।

इसमें महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों और सभी संकाय सदस्यों ने भाग लिया। जागरूकता कार्यक्रम में सेबी के प्रतिनिधि ने शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों के अधिकारों के बारे मे विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को विस्तार से अवगत करवाया। डॉ. गिरीश ने निवेश करने के विभिन्न पहलुओं पर व विद्यार्थियों को अपनी जेब खर्च से रोज पैसे की बचत कर निवेश करने के लिए बचत की आदत डालने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने एसआइपी व म्यूचल फण्ड में निवेश करने व आजकल हो रहे साइबर क्राइम से बचने के लिए सावधानी बरतने की हिदायत दी। बताया कि जानकारी के अभाव में शेयर बाजार में निवेश से वर्तमान में बहुत सारे निवेशक नुकसान उठा रहे हैं।

## विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों की जिज्ञासाओं को भी किया शांत

इस अवसर पर धारासिंह मीना (कार्यक्रम अधिकारी), केशन्ता मीना (सहायक आचार्य) , वरिष्ठ सहायक बालकृष्ण वशिष्ठ, भूगोल प्रयोगशाला सहायक विजय कुमार मीना, विद्यासंबल गेस्ट फैकल्टी में कार्यरत विजेंद्र मीना, भानूराज मीना, चरतलाल मीना, अल्का चौधरी, नितेश गुप्ता, लुकमान अली की जिज्ञासाओं को शांत किया।

25/10/2024 | Sawaimadhopur | Page : 19
Source : https://epaper.patrika.com/


SEBI
NSE
स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम
SMARTs Investor Awareness Program
राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "
(NOT ME BUT YOU)
राजकीय महाविद्यालय, बौंली
(सवाई माधोपुर) राज.
vivo T3 5G
Dhara Singh Meena Assistant Professer 10/24/2024, 11:11


vivo T3 5G
Dhara Singh Meena Assistant Professer 10/24/2024, 11:08


vivo T3 5G
Dhara Singh Meena Assistant Professer 10/24/2024, 11:33

# संविधान दिवस कार्यक्रम

## 26.11.2024

### राजकीय और संस्कृत महाविद्यालय में मनाया संविधान दिवस

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, बौंली।** उपखंड मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय और राजकीय आचार्य संस्कृत महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। राजकीय महाविद्यालय बौंली के सहायक आचार्य धारा सिंह मीना ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर के आदेशानुसार महाविद्यालय मे संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया तथा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय में विद्यार्थियों की निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा विजेता को पुरस्कृत किया गया। निबंध प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष सेमेस्टर में कुमकुम गौतम प्रथम, नेहा शर्मा द्वितीय, प्रियंका गुर्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

दैनिक भास्कर

# सवाई माधोपुर 27-11-2024

## बौंली कॉलेज में निबंध प्रतियागिताएं हुई

भास्कर न्यूज़ | बौंली

राजकीय महाविद्यालयय बौंली में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर के आदेशानुसार संविधान दिवस मनाया गया। धारा सिंह मीना सहायक आचार्य (कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना) ने बताया कि इस अवसर पर सबसे पहले संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया। बाद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

महाविद्यालय में सभी विद्यार्थियों की निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे बी.ए. प्रथम वर्ष सेमेस्टर -I में कुमकुम गौतम प्रथम, नेहा शर्मा द्वितीय, प्रियंका गुर्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.ए. द्वितीय वर्ष सेमेस्टर -III में प्रियंका प्रजापत और मन चिति प्रजापत दोनों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी.ए. तृतीय वर्ष मे मोनिका रेगर प्रथम, रोहित मीना द्वितीय, भोलूराम बैरवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमे बी.ए. प्रथम वर्ष सेमेस्टर-I मे विक्रम गुर्जर प्रथम,टीना मीना द्वितीय, तृप्ति शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बी.ए. द्वितीय वर्ष सेमेस्टर -III मे सुनीता गुर्जर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय द्वारा सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किये जाएंगे। मंच संचालक महाविद्यालयय के विद्या संबल मे कार्यरत विजेंद्र मीना सहायक आचार्य इतिहास ने किया और संविधान दिवस पर विस्तार से अपने विचार रखे।

इस अवसर पर धारा सिंह मीना सहायक आचार्य ने भारत के संविधान के बारे मे बताते हुए संविधान दिवस पर अपने विचार रखे और विद्यार्थियों को अपने अधिकार और कर्तव्य बताये। महाविद्यालयय की सहायक आचार्य केशन्ता मीना ने भारत के संविधान के दर्शन, कुंजी के बारे मे बताते हुए कहा की प्रस्तावना भारत के संविधान की आत्मा है और भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है और उन्होंने संविधान संशोधनो के बारे मे अपने विचार रखे और संविधान दिवस के कार्यक्रम आयोजन मे विशेष भागीदारी निभाई। भूगोल प्रयोगशाला सहायक विजय कुमार मीना ने भी अपने विचार रखे तथा मूल कर्तव्यों के बारे मे बताया।

# पत्रिका



**बौंली.** कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. अमन आर्य ने बताया कि 26 नवंबर को जिला विधिक प्राधिकरण के निर्देशन में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान आमजन को संविधान की मूल भावना के बारे में बताया गया। पैरा लीगल वोलियन्टर देवनारायण गुर्जर ने संविधान की विशेषताओं के बारे में समझाया। इसी तरह कस्बे के माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में पैरा लीगल वोलियंटर महेश कुमार गुर्जर ने विद्यार्थियों को संविधान के बारे में विस्तार से समझाया।

**बौंली.** उपखण्ड मुख्यालय के राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में सहायक आचार्य (कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना) धारा सिंह मीना ने बताया कि महाविद्यालय में सभी विद्यार्थियों की निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालय के विद्या संबल में कार्यरत विजेंद्र मीना सहायक आचार्य इतिहास ने संविधान दिवस पर विस्तार से अपने विचार रखे। धारा सिंह मीना सहायक आचार्य ने भारत के संविधान के बारे में बताया और विद्यार्थियों को अपने अधिकार और कर्तव्य बताए। महाविद्यालय की सहायक आचार्य केशन्ता मीना ने भारत के संविधान के दर्शन, कुंजी के बारे में बताते हुए कहा कि प्रस्तावना भारत के संविधान की आत्मा है।

उन्होंने संविधान संशोधनों के बारे में अपने विचार रखे। भूगोल प्रयोगशाला सहायक विजय कुमार मीना ने भी अपने विचार रखे तथा मूल कर्तव्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर मदन लाल मीना सहायक लेखाधिकारी प्रथम, बालकृष्ण वशिष्ठ वरिष्ठ सहायक, विद्या संबल योजना में कार्यरत चरत लाल मीना सहायक आचार्य हिंदी, लुकमान अली सहायक आचार्य उर्दू, अल्का चौधरी सहायक आचार्य रसायन शास्त्र, डॉ. बसीर अहमद सहायक आचार्य अंग्रेजी आदि ने भी अपने विचार रखे।

27/11/2024 | Sawaimadhopur | Page : 14
Source : https://epaper.patrika.com/


राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "
vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professer 11/26/2024, 12:44


vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professer 11/26/2024, 12:44


vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professer 11/26/2024, 13:20


राष्ट्रीय सेवा योजना
“ मैं नहीं आप ”
vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professer 11/26/2024, 13:20

# राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम एक दिवसीय शिविर

# 16.12.2024

## एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में किया श्रमदान



**न्यूज सर्विस/नवज्योति, बौंली।** राजकीय महाविद्यालय बौंली में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सोमवार को महाविद्यालय परिसर में प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ शिविर में भाग ले रहे स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा सामूहिक ईश वंदना के साथ किया गया इसके बाद प्रथम चरण में योग और व्यायाम आदि का आयोजन हुआ। जबकि द्वितीय सत्र में श्रमदान के तहत सभी स्वयंसेवक एवं स्वयं सेबिकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी धारासिंह मीना के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर के अलग-अलग भागों में श्रमदान करते हुए महाविद्यालय में साफ सफाई की। श्रमदान सत्र के दौरान स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं ने उत्साह के साथ महाविद्यालय परिसर में झाड़ियां, खरपतवार, पत्थर, कचरा आदि हटवाकर एक स्थान पर एकत्रित कर संधारण किया गया। श्रमदान के तहत ही महाविद्यालय के उद्यान की साफ सफाई कर सौंदर्यवर्धन में भी योगदान दिया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. गुलाब चंद्र मीणा ने महाविद्यालय के स्वयंसेवक और स्वयं सेविकाओं का मार्गदर्शन कर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी धारा सिंह मीना ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक आचार्य केशन्ता मीना, भूगोल प्रयोगशाला सहायक विजय कुमार मीना, मदन लाल मीना सहायक लेखाधिकारी प्रथम, बालकृष्ण वशिष्ट वरिष्ठ सहायक, विद्या संबल योजना में कार्यरत विजेंद्र मीना सहायक आचार्य इतिहास, चरत लाल मीना सहायक आचार्य हिंदी, लुकमान अली सहायक आचार्य उर्दू, अल्का चौधरी सहायक आचार्य रसायन आदि ने भी श्रमदान कर स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन किया।

दैनिक भास्कर सवाई माधोपुर 17-12-2024

# बौंली कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित



बौंली। कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में उपस्थित स्वयंसेवक।

भास्कर न्यूज | बौंली

राजकीय महाविद्यालय बौंली में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सोमवार को महाविद्यालय परिसर में सत्र 2024-25 के प्रथम एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के प्रारंभ में समस्त स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने सामूहिक ईश वंदना, योग एवं व्यायाम करते हुए दिवस का आरंभ किया। शिविर के द्वितीय सत्र में श्रमदान के तहत सभी स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी धारासिंह मीना के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर के अलग-अलग भागों में श्रमदान करते हुए महाविद्यालय में साफ सफाई की। श्रमदान सत्र के दौरान स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने उत्साह से भरपूर होकर महाविद्यालय परिसर मे झाड़ियां, खरपतवार, पथर, आंकड़े आदि हटवाकर एक स्थान पर एकत्रित करवा कर जलाया गया।

इसके अलावा महाविद्यालय के उद्यान की साफ सफाई कर सौंदर्यवर्धन में योगदान दिया। मुख्य अतिथि, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. गुलाब चंद्र मीणा ने महाविद्यालय के स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं का मार्गदर्शन कर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी धारा सिंह मीना ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक आचार्य केशन्ता मीना, भूगोल प्रयोगशाला सहायक विजय कुमार मीना, मदन लाल मीना सहायक लेखाधिकारी प्रथम, बालकृष्ण वशिष्ठ वरिष्ठ सहायक, विद्या संबल योजना मे कार्यरत विर्जेद्र मीना सहायक आचार्य इतिहास,चरत लाल मीना सहायक आचार्य हिंदी, लुकमान अली सहायक आचार्य उर्दू, अल्का चौधरी सहायक आचार्य रसायन ने भी श्रमदान किया।


राष्ट्रीय सेवा योजना
राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "
(NOT ME BUT YOU)


राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "
राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "
(NOT ME BUT YOU)
GPS Map Camera
Google
Qila Bonli, Rajasthan, India
8658+44p, Qila Bonli, Rajasthan 322023, India
Lat 26.306926° Long 76.214694°
16/12/24 11:37 AM GMT +05:30


(सवाई माधोपुर) राज.
'' मैं नहीं आप
एक दिवसीय शिवि
दिनांक : .... 16-12-24
vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professer 12/16/2024, 12:20


(सवाई माधोपुर) राज.
राष्ट्रीय सेवा योजना
'' मैं नहीं आप ''
एक दिवसीय शिविर
दिनांक : .... 16-12-24 ........
12/16/2024, 12:12


vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professer 12/16/2024, 12:11


vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professer 12/16/2024, 12:10


राष्ट्रीय सेवा योजना
"मैं नहीं आप"
एक दिवसीय शिविर
vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professor 12/16/2024, 11:48


राष्ट्रीय सेवा योजना
"मैं नहीं आप"
एक दिवसीय शिविर
vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professor 12/16/2024, 11:56

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम

# 01.01.2025 -10.01.2025

**&**

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय एक दिवसीय शिविर

# 11.01.2025

राजस्थान पत्रिका 13/01/2025

## युवा दिवस के रूप में मनाई जयंती

**सवाईमाधोपुर.** राजनगर स्थित वीर तेजाजी संस्थान में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर अतिथि संतोष शर्मा उप प्राचार्य महात्मा गांधी साहूनगर स्कूल, आलोक गुप्ता,नीरज सिंह नर्सिंग ऑफिसर, पुरुषोत्तम जांगिड़ थे। वक्ताओं ने छात्रों को करियर के संबंध में जानकारी प्रदान की। मंच संचालन विशाल चौधरी ने किया। इस मौके पर लक्ष्मीकांत जाट, वीर तेजाजी संस्थान के सदस्य तथा छात्रावास के छात्र उपस्थित रहे।



बौंली. विद्यालय में श्रमदान करते विद्यार्थी।

## कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**बौंली.** राजकीय महाविद्यालय बौंली में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत कार्यक्रम अधिकारी धारा सिंह मीना (सहायक आचार्य) के निर्देशन में 1 जनवरी 2025 से 10 जनवरी तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत 11 जनवरी को महाविद्यालय परिसर में सत्र 2024-25 के द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के प्रारंभ में श्रमदान के तहत सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी धारासिंह मीना के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर के अलग-अलग भागों में श्रमदान करते हुए महाविद्यालय में साफ-सफाई की। श्रमदान सत्र के दौरान स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने उत्साह से भरपूर होकर महाविद्यालय परिसर में झाड़ियां, खरपतवार, पत्थर, आंकड़े आदि हटवाकर एक स्थान पर एकत्रित करवा कर जलाया। महाविद्यालय के उद्यान की साफ-सफाई कर सौंदर्यवर्द्धन में योगदान दिया।

शिविर के द्वितीय सत्र मे महाविद्यालय के कार्यवाह प्राचार्य धारासिंह मीना ने स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं का मार्गदर्शन कर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया।

इस अवसर पर विवेकानंद जयंती के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरण किये गये।

कार्यक्रम का संचालन विद्या संबल योजना में कार्यरत डॉ. विजेंद्र मीना सहायक आचार्य ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक आचार्य केशन्ता मीना, भूगोल प्रयोगशाला सहायक विजय कुमार मीना, मदन लाल मीना सहायक लेखाधिकारी प्रथम, बालकृष्ण वशिष्ट वरिष्ठ सहायक, विद्या संबल योजना में कार्यरत चरत लाल मीना, लुकमान अली, अल्का चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# राजकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती पर हुए कार्यक्रम

**बौंली।** राजकीय महाविद्यालय बौंली मे स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत कार्यक्रम अधिकारी धारा सिंह मीना के मार्गदर्शन में 1 जनवरी से 10 जनवरी ताक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत 11 जनवरी को द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रारंभ में श्रमदान के तहत सभी स्वयंसेवक और स्वयं सेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी धारासिंह मीना के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर के अलग-अलग भागों में श्रमदान करते हुए महाविद्यालय में साफ सफ ई की। श्रमदान सत्र के दौरान स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में झाड़ियां, खरपतवार, पत्थर, आंक आदि हटा कर निस्तारण किया गया। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोतरी व 100 मीटर दौड़ आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई।



दैनिक भास्कर सवाई माधोपुर 13-01-2025

# राजकीय महाविद्यालय बौंली में स्वामी विवेकानंद जयंती पर हुए कई कार्यक्रम

भास्कर न्यूज़ | बौंली

राजकीय महाविद्यालय बौंली में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत विभिन्न कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम अधिकारी धारा सिंह मीना (सहायक आचार्य) के मार्गदर्शन मे 1 से 10 जनवरी तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत 11 जनवरी को महाविद्यालय परिसर में सत्र 2024-25 के द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रारंभ में श्रमदान के तहत सभी स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर के अलग-अलग भागों में श्रमदान करते हुए महाविद्यालय में सफाई की। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में झाड़ियां, खरपतवार, पत्थर आदि की सफाई की।

शिविर के द्वितीय सत्र में महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य धारासिंह मीना ने स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरण किये गये।

कार्यक्रम का संचालन विद्या संबल योजना मे कार्यरत डॉ. विजेंद्र मीना सहायक आचार्य (इतिहास) ने किया। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता मे बी ए प्रथम वर्ष मे कोमल मीना व विक्रम गुर्जर ने प्रथम स्थान, मनीषा मीना व सरोज मीना ने द्वितीय स्थान, संतोष गुर्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीए द्वितीय वर्ष में दर्शील दीक्षित ने प्रथम स्थान,शैम्पू प्रजापत, गायत्री बाई ने द्वितीय स्थान, चमन पाराशर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीए तृतीय वर्ष मे गमोत्री बाई ने प्रथम स्थान,वसुंधरा गुर्जर ने द्वितीय स्थान, मनीषा बाई प्रजापत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



बौंली। कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विजेताओं को प्रमाण पत्र सौंपि।

निबंध प्रतियोगिता में बी ए प्रथम वर्ष में मनीषा मीना ने प्रथम स्थान, कोमल मीना ने द्वितीय स्थान , प्रियंका गुर्जर व परी सैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । बीए द्वितीय वर्ष मे नरेंद्र कुमार गुर्जर ने प्रथम स्थान, दर्शील दीक्षित ने द्वितीय स्थान, प्रमिला जाम्बडोलिया व आंकाक्षा मीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी ए तृतीय वर्ष मे मौसमी सैनी ने प्रथम स्थान, गमोत्री ने द्वितीय स्थान, प्रियंका कुमारी बैरवा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ मे महिला वर्ग मे बीए प्रथम वर्ष में प्रियंका गुर्जर ने प्रथम स्थान, अनिषा गौड़ ने द्वितीय स्थान, पूजा मीना तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीए द्वितीय वर्ष मे गायत्री बाई वर्मा ने प्रथम स्थान,अंगूरी सैनी ने द्वितीय स्थान, राधा बैरागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीए तृतीय वर्ष मे प्रियंका वर्मा ने प्रथम स्थान, मनीषा बाई, गमोत्री बाई व सादिया बानो ने द्वितीय स्थान, कविता वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

100 मीटर दौड़ मे पुरुष वर्ग मे बीए प्रथम वर्ष मे कृष्ण गुर्जर ने प्रथम स्थान, आयुष बैरवा व युवराज सिंह राजावत ने द्वितीय स्थान, सियाराम मीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीए द्वितीय वर्ष मे आयुषराज गौतम ने प्रथम स्थान, नरेंद्र गुर्जर व चमन पाराशर ने द्वितीय स्थान, साजिद खान व गौरव सिंह राजावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीए तृतीय वर्ष मे रोहित मीना ने प्रथम स्थान,भोलूराम बैरवा द्वितीय स्थान प्राप्त किया।


राष्ट्रीय सेवा योजना
“ मैं नहीं आप ”
(NOT ME BUT YOU)
राजकीय महाविद्यालय, चौली
(सवाई माधोपुर ) राज.


vivo T3 5G


राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "
(NOT ME BUT YOU)
राजकीय महाविद्यालय, बौंली
(सवाई माधोपुर ) राज.
GPS Map Camera
Qila Bonli, Rajasthan, India
8658+44p, Qila Bonli, Rajasthan 322023, India
Lat 26.307183° Long 76.214879°
11/01/25 12:25 PM GMT +05:30
Google


राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "
(NOT ME BUT YOU)
राजकीय महाविद्यालय, बौंली
(सवाई माधोपुर ) राज.
vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professer 01/11/2025 12:29




राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "
(NOT ME BUT YOU)
राजकीय महाविद्यालय, बौंली
(सवाई माधोपुर ) राज.
vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professer 01/11/2025, 12:41


राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "
(NOT ME BUT YOU)
राजकीय महाविद्यालय, बौंली
(सवाई माधोपुर ) राज.




राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "
(NOT ME BUT YOU)
राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME


राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "
(NOT ME BUT YOU)
राजकीय महाविद्यालय, बौंली
(सवाई माधोपुर ) राज.


राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "
(NOT ME BUT YOU)
राजकीय महाविद्यालय, बौंली
(सवाई माधोपुर ) राज.





राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "
(NOT ME BUT YOU)
जकीय महाविद्यालय, बौंली
(सवाई माधोपुर) राज.


01/11/2025, 13:45


vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professor 01/11/2025, 13:11













# राष्ट्रीय युवा महोत्सव

## 22.01.2025

पत्रिका

# युवा महोत्सव पखवाड़े के तहत कॉलेज में हुईं खेल प्रतियोगिता




बौंली. कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं।

**बौंली**. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बौंली नगर इकाई राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा महोत्सव पखवाड़े के तहत छात्र-छात्राओं के बीच 100 मीटर दौड़, रुमाल झपट्टा आदि प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। इस दौरान महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य धारासिंह मीणा ने छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित किया। नगर अध्यक्ष आशीष राजोरा ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय युवा महोत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों के बीच अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई है। जिसमें विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

इस दौरान नगर उपाध्यक्ष अमर सिंह गुर्जर, नगर मंत्री ब्रह्मसिंह गुर्जर, रघुवर सैनी, अभिषेक प्रजापत, दिलराज सैनी समेत महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

23/01/2025 | Sawaimadhopur | Page : 17
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक भास्कर सवाई माधोपुर 23-01-2025

# बौंली के सरकारी कॉलेज में 100 मीटर दौड़, रूमाल झपट्टा प्रतियोगिता हुई



**बौंली** | अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई बौंली द्वारा राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा महोत्सव पखवाड़े के अंतर्गत छात्र-छात्राओं की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर दौड़,रूमाल झपट्टा आदि प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य धारासिंह मीणा ने छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना गतिविधि के बारे में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया। नगर अध्यक्ष आशीष राजोरा ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा महोत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों के बीच अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई है। जिनमें विजेता विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष अमर सिंह गुर्जर,नगर मंत्री ब्रह्म सिंह गुर्जर, रघुवर सैनी,अभिषेक प्रजापत,दिलराज सैनी समेत महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक एवं खेल कूद सप्ताह

## 27.01.2025-01.02.2025

दैनिक भास्कर सवाई माधोपुर 02-02-2025

## बौंली कॉलेज में कबड्डी, खो-खो, 100 मीटर दौड़ और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताएं हुई

भास्कर न्यूज़ | बौंली

राजकीय महाविद्यालय बौंली में 27 जनवरी से 1 फरवरी तक सांस्कृतिक एवं खेलकूद सप्ताह का आयोजन किया गया।

इस दौरान महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, 100 मीटर दौड़, म्यूजिकल चेयर, रस्साकसी, कैरम बोर्ड आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन भी किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

पहले दिन क्रिकेट मैच रखा गया। जिसकी विजेता टीम ए के कप्तान नरेंद्र मीणा के नेतृत्व में रही।उपविजेता रोहित मीणा की टीम रही। लड़कियों की कबड्डी टीम की विजेता सुनीता गुर्जर (बी ए पार्ट तृतीय) के नेतृत्व में टीम बी रही।लड़कियों की खो-खो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए किरमा गुर्जर की टीम विजेता रही। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अनीषा गौड़ एवं यशोदा व द्वितीय स्थान पर निकिता महावर और मुस्कान रही। खेल सप्ताह के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.गुलाब चंद्र मीणा ने विद्यार्थियों को खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।




बौंली। कॉलेज में सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

महाविद्यालय के सहायक आचार्य व राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी धारा सिंह मीना ने भी विद्यार्थियों को खेलो का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय की खेल अधिकारी डॉ. चंद्र कँवर पालावत ने बताया कि महाविद्यालय में हाल ही में खेल के ग्राउंड का निर्माण किया गया है ताकि विद्यार्थी को खेलने में कोई समस्या नहीं रहे और प्रतिवर्ष महाविद्यालय में इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है रहे जिससे प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके।

सांस्कृतिक गतिविधियां केशन्ता मीना सहायक आचार्य,विद्या संबल में कार्यरत सहायक आचार्य अलका चौधरी, प्राची दीक्षित ने आयोजित करवाई। कैरम बोर्ड खेल का आयोजन भूगोल प्रयोगशाला सहायक विजय कुमार मीना व विद्या संबल योजना में कार्यरत विजेंद्र मीना के नेतृत्व ने आयोजित की गई। ये सभी प्रतियोगिताएं कमलेश कुमार सैनी शारीरिक शिक्षक, मुरारी लाल मीणा शारीरिक शिक्षक,विनोद योगी,मीठा लाल मीणा वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक के नेतृत्व में आयोजित की गई।

## राजकीय महाविद्यालय में सांस्कृतिक और खेलकूद सप्ताह आयोजित

**बौंली।** उपखंड मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय में सांस्कृतिक और खेलकूद सप्ताह आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के लिए क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, 100 मीटर दौड़, म्यूजिकल चेयर, रस्साकसी, कैरम बोर्ड आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिताएं रंगोली प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। पहले दिन क्रिकेट मैच रखा गया। जिसकी विजेता टीम नरेंद्र मीणा की टीम रही जबकि उपविजेता रोहित मीणा की टीम रही। लड़कियों की कबड्डी टीम की विजेता सुनीता गुर्जर नेतृत्व में टीम बी रही ।लड़कियों की खो-खो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए किरमा गुर्जर की टीम विजेता रही। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अनीषा गौड़ एवं यशोदा व द्वितीय स्थान पर निकिता महावार और मुस्कान रही। खेल सप्ताह के प्रथम दिन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुलाब चंद्र मीणा ने विद्यार्थियों को खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।


BREAKING NEWS
1st इंडिया NEWS
Date:01/02/2025
बौंली: राजकीय महाविद्यालय बौंली में हुआ सांस्कृतिक एवं खेलकूद सप्ताह का आयोजन
कार्यक्रम के तहत आज हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, कबड्डी,खो-खो, 100 मीटर दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं की गई आयोजित, शैक्षणिक सत्र में हुआ निबंध, लेखन, पोस्टर आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया सम्मानित, महाविद्यालय की खेल प्रभारी प्रोफेसर डॉ. चंद्रा कंवर पालावत के नेतृत्व में हुआ आयोजन, सहायक आचार्य दारा सिंह मीणा ने दी जानकारी
TATA PLAY 1182
airtel 361
hathway 780
SITI 369
DEN 334
340
330
RM 122

# राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय एक दिवसीय शिविर

## 10.03.2025

दैनिक भास्कर सवाई माधोपुर 12-03-2025

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में श्रमदान



बौंली| राजकीय महाविद्यालय बौंली में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी धारा सिंह मीना सहायक आचार्य ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में सत्र 2024-25 के तृतीय एक दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों को माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की जानकारी दी गई। उसके बाद विद्यार्थियो को विकसित भारत युवा संसद 2025 कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया गया। ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को आपकी दृष्टि में विकसित भारत का अर्थ क्या है विषय पर वीडियो बना कर अपलोड करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में श्रमदान के तहत सभी स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय भवन में झाड़ियां, खरपतवार व आक आदि पौधे हटवाकर एक स्थान पर एकत्रित किया गया। इसके अलावा उद्यान की साफ सफाई भी की गई।


राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "
(NOT ME BUT
राष्ट्रीय सेवा योजना
" मैं नहीं आप "




राजकीय महाविद्यालय
राष्ट्रीय सेवा
दिनांक : ..........
vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professer 03/10/2025, 12:01


राजकीय महाविद्यालय
राष्ट्रीय सेवा योजना
'' मैं नहीं आप ''
एक दिवसीय शिविर
vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professer 03/10/2025, 11:57


शिविर
vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professer, 03/10/2025, 12:00


vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professer 03/10/2025, 11:57


vivo T3 5G
Dhara Singh Meena Assistant Professer 03/10/2025, 11:56


vivo T3 5G
Dhara Singh Meena Assistant Professer 03/10/2025, 11:55


vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professer 03/10/2025, 11:54


राष्ट्रीय सेवा योजना
"मैं नहीं आप"
एक दिवसीय शिविर
दिनांक :
vivo T3
Dhara Singh Meena Assistant Professer 03/10/2025, 11:39


राजकीय महाविद्यालय, बौंली
(सवाई माधोपुर ) राज.
राष्ट्रीय सेवा योजना
'' मैं नहीं आप ''
एक दिवसीय शिविर
दिनांक : ..............................
GPS Map Camera
Qila Bonli, Rajasthan, India
8658+44p, Qila Bonli, Rajasthan 322023, India
Lat 26.307311° Long 76.214343°
10/03/2025 11:37 AM GMT +05:30
Google